# पाठ–3

# शब्द–विचार

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेद हैं–
   (i) दो ☐ (ii) तीन ☐ (iii) चार ☐
2. समान अर्थ वाले शब्दों को कहते हैं–
   (i) पर्यायवाची ☐ (ii) एकार्थी ☐ (iii) विलोम ☐
3. 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची है–
   (i) व्योम ☐ (ii) अंक ☐ (iii) अनादि ☐
4. 'आग', 'आँसू', 'घर', 'भौंरा' आदि शब्द हैं–
   (i) तत्सम शब्द ☐ (ii) तद्भव शब्द ☐ (iii) देशज शब्द ☐
5. जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों के योग बने होते हैं, उन्हें कहते हैं–
   (i) योगरूढ़ ☐ (ii) यौगिक शब्द ☐ (iii) रूढ़ शब्द ☐

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. ____________ सार्थक वर्णों के मेल को कहते हैं।
2. विलोम शब्द ____________ अर्थ बताते हैं।
3. दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से ____________ शब्द बनते हैं।
4. जो शब्द विदेशी भाषा से हिंदी भाषा में आए हैं, ____________ शब्द कहलाते हैं।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. दो भाषाओं के मेल से बने शब्द संकर कहलाते हैं। ☐
2. जो शब्द संस्कृत भाषा से आकर हिंदी भाषा में ज्यों के त्यों प्रयोग किये गये हैं, वे तद्भव शब्द कहलाते हैं। ☐
3. जो शब्द परस्पर विपरीत अर्थ बताते हैं, वे विलोम शब्द कहलाते हैं। ☐

**निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए–**

1. नींद – ____________ 2. फागुन – ____________
3. निठुर – ____________ 4. पत्थर – ____________
5. उल्लू – ____________ 6. अपना – ____________
7. आँसू – ____________ 8. आग – ____________

✿ **निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए–**

1. मृत्तिका – ____________ 2. मंडूक – ____________
3. कूप – ____________ 4. रुष्ट – ____________
5. तृण – ____________ 6. अस्थि – ____________
7. जमाता – ____________ 8. खग – ____________

LIVEWORKSHEETS